राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार





www.lagatar.in | शनिवार 27 अप्रैल 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 04 , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 2, अंक : 19 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**पर्यावरण संरक्षण की मुहिम :** भीषण गर्मी में जलस्रोतों का दोहन कर रहे ईंट भट्ठा संचालक, हाथ पे हाथ रख कर बैठे हैं सरकारी बाबू

# नियम-कानून को जेब में रख ईंट भट्ठा संचालकों ने स्थापित कर रखा है अपना साम्राज्य

- महुदा क्षेत्र में दर्जनों बंग्ला ईंट भट्ठों का हो रहा है संचालन
- अधिकारियों की खामोशी से कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

राम पांडेय/अब्दुल हमीद अंसारी



**महुदा (कतरास)।** सरकारी बाबूओं की उदासीनता के कारण कतरास, बाघमारा, मधुबन, बरोरा, महुदा सहित अन्य क्षेत्र में अवैध ईंट भट्ठों का संचालन बेरोकटोक फल-फूल रहा है. अवैध ईंट भट्ठों के संचालकों ने नियम-कानून को जेब में रख कर अपना साम्राज्य स्थापित कर रखा है. महुदा क्षेत्र की बात करें, तो सिंगड़ा, पाण्डेडीह, चरकीटांड, बागड़ा, हाथुडीह, तारगा, कांडरा, तैलमोचो, लोहापट्टी, पीपराटांड़ सहित अन्य स्थानों पर दर्जनों बंग्ला ईंट भट्ठा संचालित हैं. इन ईंट भट्ठों में चोरी का कोयला व बालू का उपयोग किया जाता है. इसके साथ ही इलाके के नदी, तालाब, कुंआ, एवं चापानल के पानी से ईंट निर्माण के लिए मिट्टी की सनाई से लेकर भट्ठों की आग बुझाने का काम होता है. इस भीषण गर्मी में इन कारणों से इलाके में पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है. वहीं, पर्यावरण को दूषित करने वाले अवैध ईंट भट्ठों के संचालक मालामाल हो रहे हैं. बावजूद इसके शासन प्रशासन व संबंधित विभाग कार्रवाई करने के बजाय हाथ पे हाथ रख कर बैठा है. संबंधित अधिकारियों की खामोशी उनके कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा रही है.

## लालचक के ईंट भट्ठा में जल रहा बचपन

**कतरास।** रामकनाली ओपी इलाके के लालचक एसबीएफ ईंट भट्ठा में बाल श्रम कानून को ठेंगा दिखा कर बच्चों से मजदूरी कराई जा रही है. मिट्टी गुथाई से लेकर ईंट ढुलाई तक के कार्य में बच्चों को लगाया जा रहा है. ईंट भट्ठा संचालक पैसे का प्रलोभन देकर न केवल बच्चों का शारीरिक शौषण, बल्कि उनकी जीवन के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं. इस प्रचंड गर्मी में भी एसबीएफ ईंट भट्ठे में संचालक को नौनिहालों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने में तनिक भी संकोच नहीं हो रहा है. गुरुवार को 'शुभम संदेश' की टीम उक्त ईंट भट्ठे में जब पहुंची, तो आधा दर्जन से अधिक बाल मजदूर मजदूरी करते दिखे. हालांकि टीम को देख कर संचालक तुरंत बाल मजदूरों को वहां से हटाने लगा. तभी 'शुभम संदेश' के संवाददाता ने आठ साल के एक बाल मजदूर को मजदूरी करते हुए उसकी पहचान छिपाते हुए सबूत के तौर पर तस्वीर उतार ली.

### न बाल मजदूरी रुकी और न मासूमों पर अत्याचार



इलाके के विभिन्न ईंट भट्ठों पर बाल मजदूरी जारी है. यह काम काफी खतरनाक है और इससे जुड़े हादसों की खबरें अक्सर पढ़ने-सुनने को मिलती हैं. ईंट-भट्ठा उद्योग में मजदूरों की सुरक्षा को लेकर कोई मुकम्मल उपाय नहीं है. बाल मजदूरी पर रोकथाम को लेकर स्थानीय प्रशासन से लेकर राज्य सरकार के द्वारा बड़े-बड़े दावे किये जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि न तो बाल मजदूरी रुकी है और न ही मासूमों पर अत्याचार.

पानी बना परेशानी का सबब, हर चुनाव में मिलता है सिर्फ आश्वासन का घूंट

# फिर भी अधूरी रह जाती प्यास

**जल संकट**

- दशकों से हजारों की आबादी की प्यास की शिद्दत कायम
- सुबह होते ही पानी के लिए करनी पड़ती है कसरत

रणजीत कुमार सिंह। धनबाद

**100** से 300 रुपये तक में ठेले पर बेचते हैं पानी

**1992** में बस्ताकोला में बिछाई थी पाइपलाइन



लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा, हर चुनाव में यहां के लोगों का बस एक ही सवाल होता है पानी. हर बार यहां की हजारों की आबादी को आश्वासन का घूंट मिलता है, तो उम्मीदें जगती हैं कि शायद इस बार उनके प्यासे हलक तर हो जाएंगे. लेकिन हर बार चुनाव खत्म होने के बाद फिर से चुनाव आने तक उनकी प्यास अधूरी रह जाती है. एक बार फिर चुनाव सामने और मौसम भी गर्मी का है, साथ में वही पुरानी प्यास की शिद्दत भी कायम है.

**एक दर्जन इलाके बिना पानी के झेल रही गर्मी :** झरिया प्रखंड के लगभग एक दर्जन से अधिक इलाके के लोग पानी के लिए त्राहिमाम करते आ रहे हैं. इन इलाकों में विक्ट्री, चांदमारी, लिवट्री, इंडस्ट्री, ऐना इस्लामपुर, भगतडीह, बस्ताकोला, भेड़ाकाटा, बंगालीकोठी, मांझी बस्ती लाहेबेड़ा, सोनार बस्ती, सहित कई बस्ती है. यह सारे इलाके वार्ड संख्या 34 और 35 के अंतर्गत आते हैं. इन इलाकों की आबादी लगभग 50 हजार से भी अधिक है.

प्रधानमंत्री जलापूर्ति योजना के तहत मुख्य मार्ग में पाइप तो बिछ गयी. लेकिन, इस पाइपलाइन में फिलहाल तक पानी तक नहीं आया है. यहां तक कि इस पाइपलाइन का कनेक्शन बहुत सारी बस्तियों में अभी भी नहीं हुआ है. इन इलाकों में भगतडीह स्थित माडा जलागार से पाइपलाइन के जरिए इन इलाकों में जलापूर्ति होती है.

**कनेक्शन बढ़ने से नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी :** क्षेत्र के पूर्व सरपंच भोलानाथ गोस्वामी समेत अन्य लोगों का कहना है कि भगतडीह स्थित माडा जलागार से इन क्षेत्र में 1948 में 6 इंच की पाइपलाइन बिछी थी. तब जगह-जगह 150 कनेक्शन प्वाइंट बनाए गए थे. इस कारण लोगों को पानी ठीक-ठाक आपूर्ति होती थी. लेकिन आबादी बढ़ने के साथ धीरे-धीरे इस पाइपलाइन में अब हजारों कनेक्शन हो गए हैं. इस कारण यहां पानी का प्रेशर बहुत ही कम हो गया है. हालत यह है कि लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है.

### वर्ना ठेले वाले से खरीदना पड़ता है पानी

इन इलाकों में जो भी कनेक्शन हैं, उनमें दो से तीन दिन के बाद एक से दो घंटे के लिए पानी की आपूर्ति होती है. फिर पानी के लिए लोगों को आपाधापी करनी पड़ती है. काफी मशक्कत के बाद पीने का 30 से 40 लीटर मिल गया तो ठीक है, वरना ठेले वाले से पानी खरीद कर पीना पड़ता है. अन्य कामों के लिए पोखरिया का पानी गैलेन से व्यवस्था करना पड़ता है. लोगों का कहना है कि बस्ताकोला पोखरिया में कई लोगों को डूबने से मौत हो चुकी है. इस कारण वहां लोग नहाने से भी परहेज करने लगे हैं.

### पानी से ही चल रही है आजीविका : साव

विशुन साव ने बताया कि सप्लाई पाइप के फटने से ही उनकी रोजी-रोटी चल रही है. क्योंकि यहां से पानी भर कर वे और उनके जैसे करीब दो दर्जन ठेले वाले अपने परिवार की जीविका चला रहे हैं. एक ठेले की कीमत 100 से 300 रुपये तक लेते हैं. वे लोग घरों के साथ-साथ आसपास के होटल वालों को भी यहां से पानी की सप्लाई करते हैं. हालांकि अब पहले की तरह प्रेशर नहीं होने के कारण यहां से पानी कम मिलने लगा है. इसके साथ ही जो लोग घरों के लिए पानी भरते हैं, पहले उन्हें पानी देना पड़ता है.

### डेढ़ किमी दूर से पानी ढोकर लाते हैं चांदमारी के बाशिंदे



1992 में बीसीसीएल ने विक्ट्री खदान से बस्ताकोला मे पीटवाटर सप्लाई के लिए पाइपलाइन बिछाई थी, वह भी क्षतिग्रस्त हो गई है. वार्ड 34 के चांदमारी और वार्ड 35 के इंडस्ट्री भुईयां बस्ती में पीने के पानी का कनेक्शन नहीं है. एक कुआं तक नहीं है. इनलोगों को दूसरे जगह भटक कर पानी जुगाड़ करना पड़ता है. चांदमारी के लोग झरिया-धनबाद मुख्य मार्ग स्थित धनसार पानी टंकी से डेढ़ किलोमीटर दूर जाकर पानी का जुगाड़ करते हैं. लगभग यही हाल इंडस्ट्री भुईयां बस्ती का भी है.

धनसार के चांदमारी बस्ती में एक मकान में घुसा दिया हाइवा

# नाबालिग चालकों के हाथों में 'मौत' की स्टीयरिंग

संवाददाता। धनसार

कोयलांचल में बेलगाम हाइवा ने अबतक दर्जनों लोगों को मौत की नींद सुला दिया है. हाइवा से सड़क दुर्घटना की घटनाएं लगातार होने के बाद भी न तो ट्रांसपोर्टर और ना ही बीसीसीएल प्रबंधन कोई एक्शन ले रहा है. खतरनाक बात ये है कि यहां कोयला ढोने में लगे हाइवा चालकों में अधिकांश नाबालिग हैं. इनके हाथों में स्टीयरिंग किसी मौत से कम नहीं हैं. शुक्रवार को भी एक नबालिग हाइवा चालक की लापरवाही से पूरे परिवार की जिंदगी खत्म होते-होते बच गई.

**सोया था परिवार, हाइवा ने तोड़ दी दीवार :** धनसार थाना क्षेत्र के चांदमारी मांझी बस्ती में सुनील हांसदा पूरे परिवार के साथ अपने घर में बेखबर सो रहे थे. तभी हाइवा चला रहे नाबालिग ने अनिनियंत्रित हाइवा हांसदा के घर में घुसा दिया. इस घटना में मकान की दीवार टूट गयी. गनीमत रही कि घरवालों को कुछ नहीं हुआ. टक्कर की आवाज सुनकर सुनील पूरे परिवार के साथ घबरा कर उठ गये और फिर चालक को धर दबोचा. शोर सुनकर स्थानीय लोग भी दौड़े. देखा कि चालक की उम्र महज 14 साल रही होगी. गुस्से में आकर कुछ लोगों ने चालक की पिटाई भी कर दी. नाबालिग चालक रो-रो कर माफी मांगने लगा, तब कुछ लोगों ने उसपर तरस खाकर उसे वहां से भगा दिया और फिर घटना की सूचना धनसार पुलिस को दी. पुलिस ने हाइवा को जब्त कर लिया.

*गुस्साए लोगों ने चालक को पकड़ा नाबगालिग देख रहम दिखाकर छोड़ा*



### जबरन ट्रांसपोर्टिंग करा रही बीसीसीएल

भाजपा के जिला मंत्री रवि मिश्रा ने कहा कि मांझी बस्ती से लेकर चांदमारी पुराना सीआईएसएफ कैंप तक सिंगल रोड व पब्लिक मार्ग है. इस मार्ग से स्कूली बच्चे व यहां के लोगों का आना जाना है. मार्ग के अगल-बगल में दर्जनों मकान हैं और लोग परिवार के साथ यहां जिंदगी गुजार रहे हैं. इसके बावजूद इसके इस मार्ग से बीसीसीएल जबरन ट्रासंपोर्टिंग कार्य करा रही है. वो भी नाबालिग बच्चे, इस मार्ग पर हाइवा दौड़ा रहे हैं. बता दें कि चार माह पूर्व इस मार्ग से ट्रांसपोर्टिंग शुरू होने के पहले स्थानीय लोगों के साथ रवि मिश्रा ने भी इसका विरोध किया था. इधर, चांदमारी मार्ग में हाइवा से कोयला की ट्रासंपोर्टिंग किये जाने से स्थानीय लोगों में भी भारी आक्रोश व्याप्त है.

### सांसद के हस्तक्षेप पर शुरू हुई थी ट्रांसपोर्टिंग

इस मार्ग से कोयला ट्रांसपोर्टिंग होने का विरोध शुरू हुआ, तो सांसद के हस्तक्षेप के बाद सुनिश्चित अवधि के साथ मार्ग में लाइट लगाने व नियमित पानी छिड़काव करने के आश्वासन पर ट्रांसपोर्टिंग शुरू हुई थी. तय हुआ था कि शाम चार बजे से सुबह चार बजे तक ही ट्रासंपोर्टिंग होगी. बस्ती में हाइवा की गति सीमा 10 किलोमीटर प्रति घंटा तय हुई थी. लेकिन अब दिन-रात एमजीएम ट्रासंपोर्टिंग कंपनी द्वारा बस्ताकोला कोल डंप से बीएनआर साइडिंग तक कोयला की ढुलाई की जा रही है. स्थानीय सुनील हांसदा, चुन्नू, सरजू आदि का कहना है कि यहां के लोग रातभर नहीं सो पाते हैं. हमेशा इस बात का डर समाया रहता है कि हाइवा कब उनके घरों को तोड़कर उन पर न चढ़ जाए.

# धरी-धरी एक्सपायर हो गयीं दवाइयां

संवाददाता। धनबाद

**बदहाल व्यवस्था**

- बलियापुर उप स्वास्थ्य केंद्र में एक्सपायर दवाइयां जलायी
- प्रभारी ने गठित की जांच टीम, दिए जांच के आदेश

एक तरफ सरकारी अस्पतालों में दवाइयां नहीं होने का रोना रोया जाता है, तो दूसरी तरफ मरीजों को निःशुल्क दी जाने वाली दवाइयां रखे-रखे एक्सपायर हो जा रही हैं. इन दवाइयों के एक्सपायर होने के बाद सबूत मिटाने के लिए जला तक दिए जा रहे हैं. ऐसा गंभीर मामला बलियापुर प्रखंड के उप स्वास्थ्य केंद्र, सलपतरा का है, जहां कैल्शियम, आयरन, गर्भ निरोधक गोली, छाया टैबलेट समेत कई दवाइयां एक्सपायर हो गई हैं. इन दवाओं को जला देने की बात सामने आयी है. मामले को लेकर बलियापुर प्रभारी डॉ. राहुल कुमार से बात भी बात की गई. उन्होंने बताया कि यह दवाइयां कोरोना संक्रमण काल की हैं. दवा एक्सपायर होने को लेकर जांच टीम गठित कर दी गयी है. चार सदस्यीय टीम मामले की जांच कर रिपोर्ट सौंपेगी. रिपोर्ट मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी. यहां बता दें कि सरकार की तरफ से ये दवाइयां बांटने के लिए आती हैं, लेकिन इन्हें बांटने के बजाय रख दिया जाता है. बाद में जब ये दवाइयां एक्सपायर हो जाती हैं, तो फिर इन्हें नष्ट करने का काम किया जाता है.

## सड़क दुर्घटना में झामुमो नेत्री की मौत, पति घायल

**चांडिल।** थाना क्षेत्र के भादुडीह के पास टाटा-रांची एनएच 33 पर शुक्रवार सुबह हुई सड़क दुर्घटना में झामुमो नेत्री की मौत हो गई, जबकि उनके पति घायल हो गए. मिली जानकारी के अनुसार, हारूडीह निवासी डॉ तारापद महतो अपनी पत्नी मल्लिका महतो के साथ जमशेदपुर जाने के लिए बाइक से निकले थे. एनएच पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के धक्के से डॉ तारापद दूर जा गिरे, जबकि उनकी पत्नी के सिर पर वाहन का चक्का चढ़ गया.

# टाटा स्टील के कर्मचारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता। जमशेदपुर

कदमा थाना क्षेत्र अंतर्गत गणेश पूजा मैदान के पास स्थित क्वार्टर में टाटा स्टील के कर्मचारी मनीष दास का शव फंदे से लटका पाया गया. जानकारी के मुताबिक, मनीष के परिजन एक शादी समारोह में शामिल होने पुणे गये हुए थे. इधर, क्वार्टर के बाहर कपड़ा बेचने वाले गोपाल ने पुलिस को घटना की सूचना दी. कदमा पुलिस ने दरवाजा तोड़ कर मनीष के शव को फंदे से उतारा. पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस के शव गृह में रखवा दिया है. इससे पूर्व पुलिस ने जब कमरे की तलाशी ली, तो कमरे से कई जली हुई सिगरेट भी बरामद हुई है. पुलिस ने एक डायरी भी जब्त की है, जिसमें कई सारी शायरी लिखी हुई है.

# 30 हजार घूस लेते ब्लॉक को-आर्डिनेटर गिरफ्तार



आरोपी ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर जयंत कुमार डे को ले जाती एसीबी की टीम.

संवाददाता। धनबाद

**नपा घूसघोर**

- पांच लाख रुपये भुगतान के एवज में मांगी थी रिश्वत
- ठेकेदार ने एसीबी से की थी शिकायत, रंगेहाथों धराया

धनबाद एसीबी की टीम ने शुक्रवार को बलियापुर ब्लॉक के को-ऑर्डिनेटर जयंत कुमार डे को 30स हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया. एसीबी की इस कार्रवाई से बलियापुर ब्लॉक में हड़कंप मच गया है. जयंत बलियापुर ब्लॉक के भिखराजपुर के ठेकेदार मो. इरशाद से पांच लाख रुपये का बिल पास करने के एवज में 30 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था, नहीं देने पर भुगतान रोक रखा था.

जानकारी के मुताबिक, ठेकेदार मो. इरशाद ने बलियापुर के गोलमारा, हरि मंदिर आदि क्षेत्र में पेवर्स ब्लॉक लगाने का कार्य किया था. ठेकेदार संबंधित कार्य का बिल पास कराने को लेकर लगातार कार्यालय का चक्कर लगा रहा था. लेकिन बिना रिश्वत के बिल पास नहीं किया जा रहा था. तब उसने मामले की लिखित शिकायत एसीबी से की. इसके बाद एसीबी की टीम ने जाल बिछाकर शुक्रवार को 30 हजार रुपये घूस की रकम के साथ जयंत कुमार डे को गिरफ्तार कर लिया. एसीबी की टीम उसे अपने साथ धनबाद ले गयी है. शनिवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा.

**खबर का असर** तालाब भरकर बनायी जा रही बहुमंजिली बिल्डिंग मामले में गम्हरिया सीओ ने की कड़ी कार्रवाई

# रात में गुपचुप चल रहा था बिल्डिंग निर्माण कार्य, बंद कराया काम


संजीव मेहता। आदित्यपुर

आदित्यपुर मुख्य मार्ग पर एक तालाब को भर कर हो रहे बहुमंजिला बिल्डिंग निर्माण मामले में गम्हरिया अंचल अधिकारी अजय सिंह ने कड़ी कार्रवाई की है. यह कार्रवाई 'शुभम संदेश' समाचार पत्र में खबर प्रकाशित होने के बाद हुई है. गम्हरिया सीओ ने गुरुवार को अंचल के सीआई प्रमोद कुमार सिंह और कर्मचारी को भेज कर निर्माण स्थल का औचक निरीक्षण कराया और तत्काल काम को बंद करवा दिया है.

**जांच होने तक काम शुरू किया तो जाएंगे जेल :** सीओ ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए चालू काम की वीडियोग्राफी भी करायी है और बिल्डर के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की बात भी कही है. उन्होंने मौके पर शिकायतकर्ता आरटीआई कार्यकर्ता प्रो. एसके महतो को भी बुला कर बात की और कागजातों को मांग कर जांच की है. प्रथमदृष्टया तालाब की जमीन दिंदली बस्ती निवासी काशीनाथ महतो की निकली है, जो सीएनटी नेचर की हैं. सीओ ने निर्माण कार्य को तत्काल बंद करने की चेतावनी देते हुए बिल्डर सौरभ अग्रवाल से कहा है कि जांच होने तक काम शुरू किये, तो जेल भेज देंगे. सीओ की त्वरित कार्रवाई से तालाब भर कर आसपास बनाये गये अपार्टमेंट्स के बिल्डरों में हड़कंप मच गया है.

### तालाब भर कर बनाये गये हैं दर्जनों अपार्टमेंट

बता दें कि आदित्यपुर में ऐसे दर्जनों अपार्टमेंट बने हैं, जो स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से तालाब को भरकर बनाये गये हैं. जिला प्रशासन की रोक के बावजूद आदित्यपुर में मुख्य मार्ग के किनारे गुपचुप तरीके से रात के अंधेरे में तालाब को भर कर बहुमंजिला बिल्डिंग का निर्माण कार्य महीने भर से किया जा रहा था, जबकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत इस पर रोक लगी हुई है. इस संबंध में आरटीआई कार्यकर्ता प्रो. सुरेंद्र कुमार महतो ने स्थानीय प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप लगाया था. उन्होंने बताया कि वे इसकी शिकायत झारखंड सरकार के मुख्य सचिव, कोल्हान आयुक्त और उपायुक्त से कर चुके हैं. अपनी शिकायत में आरटीआई कार्यकर्ता ने कहा है कि सिटी रेसीडेंसी प्राइवेट लिमिटेड के प्रोपराइटर सौरभ अग्रवाल द्वारा आदित्यपुर के शेरे पंजाब चौक स्थित स्वर्ण रेखा भवन के ठीक उत्तर की ओर मुख्य सड़क के सटे लोकनाथ कॉम्प्लेक्स बिल्डिंग ओर सुमन टावर के बीचोंबीच तालाब की भूमि को भरकर बिल्डिंग बनाया जा रहा है.




### सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का उल्लंघन

इस बड़े भूखंड पर एक बड़े जी प्लस 15 तल्ले का आवासीय सह व्यावसायिक भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है. प्रो. सुरेंद्र कुमार महतो ने बताया कि उनकी शिकायत पर कुछ दिनों तक इसका निर्माण कार्य बंद था. लेकिन करीब एक महीने से फिर से जेसीबी एवं अन्य मशीनारियों तथा मजदूरों के सहारे निर्माण कार्य फिर से शुरू कर दिया गया था. उन्होंने कहा कि तालाब की भूमि को भरकर उसपर निर्मान कार्य करना, माननीय सुप्रीम कोर्ट के उस निर्णय (सिविल अपील नंबर 4787/2001 हिंच लाल तिवारी वर्सेस कमला देवी व अन्य) का उल्लंघन है. साथ ही सीएनटी एक्ट 1908 की धारा 46 (ए) का भी उल्लंघन है. क्योंकि यह भूमि सीएनटी नेचर की है.

### ब्रीफ खबरें

#### ट्रांसपोर्ट कॉलोनी में सिलेंडर से लगी आग, मची भगदड़

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर ट्रांसपोर्ट कॉलोनी में नए गैस सिलेंडर व चूल्हे से शुक्रवार को भीषण आग लगी. जिससे वहां चल रहे गृह प्रवेश के कार्य में बाधा पड़ी है. गृहस्वामी भुवनेश्वर यादव के अनुसार वे कल गुरुवार केसरी गैस एजेंसी आदित्यपुर के यहां से गैस सिलेंडर और नया गैस चूल्हा खरीद कर लाए थे. उन्हें एजेंसी के स्टाफ ने बोलने के बावजूद चूल्हा और सिलेंडर जांच कर नहीं दिया. आज उनके घर में गृह प्रवेश का आयोजन था, जैसे ही गैस सिलेंडर और चूल्हा ऑन किए आग पकड़ लिया. इस अगलगी की घटना से उन्हें लाखों का नुकसान हुआ है. उन्होंने इसकी शिकायत एजेंसी के विरुद्ध लिखित रूप से आरआईटी थाना में की है.

#### घाटशिला में 16 प्रहर हरिनाम संकीर्तन का हुआ समापन

**घाटशिला।** प्रखंड के बड़ाजुड़ी में दधि उत्सव के साथ 16 प्रहर हरिनाम संकीर्तन का समापन शुक्रवार को हुआ. इस मौके पर जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू उपस्थित थी. श्रीमती मुर्मू ने महिलाओं संग अबीर गुलाल लगाकर दधि उत्सव में शामिल हुई. संकीर्तन का आयोजन राधा गोविंद युवा संगठन के द्वारा किया गया था. इसमें हरिपद पाल महिला संकीर्तन सम्प्रदाय बड़शोल, बबलू महतो महिला संकीर्तन सम्प्रदाय झाड़ग्राम, जलधर गोप संकीर्तन सम्प्रदाय पुरुलिया, गौर निताई सम्प्रदाय काड़ाडूबा, हीरालाल दास संकीर्तन सम्प्रदाय मुसाबनी व दलु महाकुड़ सम्प्रदाय बनकाटी ने योगदान दिया.

#### इंडस्ट्री में सेफ्टी सबसे महत्वपूर्ण है : रणजोत

**आदित्यपुर ।** आदित्यपुर स्थित आटो क्लस्टर सभागार में शुक्रवार को सीआईआई द्वारा इंडस्ट्रियल सेफ्टी पर सेमिनार का आयोजन किया गया. सेमिनार में सीआईआई से जुड़े 120 उद्यमियों ने 120 ने भाग लिया. सेमिनार के मुख्य वक्ता के रूप में रनजोत सिंह चेयरमैन सीआईआई झारखंड स्टेट काउंसिल एण्ड मैनेजिंग डायरेक्टर एमडेट जमशेदपुर प्राइवेट लिमिटेड ने कहा कि भारत आत्म निर्भर बनने की कोशिश कर रहा हैं. इसमें सेफ्टी सबसे महत्वपूर्ण है. भारत में इंडस्ट्रीज को प्रोत्साहन दिया जा रहा है. इंडस्ट्रियल सेक्टर में ज्यादा युवा काम से जुड़ रहे हैं .

#### इंडिया गठबंधन प्रत्याशी समीर मोहंती का हुआ जोरदार स्वागत

**डुमरिया।** मुसाबनी व डुमरिया प्रखंड में झामुमो व इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जमशेदपुर से प्रत्याशी विधायक समीर मोहंती का स्वागत माला पहनाकर किया. इस अवसर पर समीर मोहंती ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि झामुमो ने गांव से निकले साधारण कार्यकर्ता को विधायक बनाया और अब लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया है. उन्होंने मोदी सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि आज देश में मंहगाई और बेरोजगारी चरम पर है. पीएम अहंकार से परिपूर्ण बातें कर रहे हैं. वर्तमान सांसद और भाजपा से जनता नाराज हैं.

#### शिव संकटमोचन हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार कार्यक्रम सम्पन्न

**आदित्यपुर ।** आदित्यपुर रिवर व्यू कॉलोनी वार्ड नंबर-18 स्थित श्रीश्री शिव संकटमोचन हनुमान मंदिर जीर्णोद्धार का कार्यक्रम शुक्रवार को सम्पन्न हुआ है. भूमिपूजन कार्यक्रम में यजमान राकेश रंजन एवम हेमन्त कुमार उपस्थित रहे. जबकि पुरोहित पंडित धर्मेन्द्र पाण्डेय द्वारा भूमिपूजन कार्यक्रम को सम्पन्न कराया गया. कार्यक्रम के पूर्व संध्या पर विहंगम योग संत समाज के जिला संयोजक शम्भू कुमार के मार्गदर्शन में विश्व का अद्वितीय आध्यात्मिक सद्ग्रंथ "स्वर्वेद" का अखण्ड पाठ शुरू किया गया जो कि पूरी रात्रि चली.

### प्लस टू उत्क्रमित उवि छोटानागरा के अधिकांश बच्चे नहीं जा रहे हैं स्कूल

# बच्चों ने प्रभारी प्रधानाध्यापक पर भेदभाव करने का लगाया आरोप

- प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बैठक कर समाधान करने का किया था प्रयास

**संवाददाता। किरीबुरु**



प्लस-टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय, छोटानागरा में पढ़ने वाले आधा से अधिक बच्चों ने स्कूल जाना बंद कर दिया है. उन्होंने विद्यालय में खराब अनुशासन, प्रभारी प्रधानाध्यापक और शिक्षक-शिक्षिकाओं के बीच आपसी तालमेल का अभाव व बच्चों के साथ गलत व्यवहार का आरोप लगाया है. इस विकट परिस्थिति से निपटने, मामले को दबाने एवं समाधान हेतु प्रभारी प्रधानाध्यापक राम कुमार यादव ने 25 अप्रैल को विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों के अभिभावकों के साथ बैठक कर मामले का समाधान करने की कोशिश की, लेकिन कोई हल नहीं निकला. इस कारण अधिकतर बच्चे स्कूल आना बंद कर दिये हैं. इस मामले को लेकर स्कूल के कुछ बच्चे व उनके अभिभावकों ने बताया कि पूर्व में विद्यालय को अनुशासित रुप से चलाने हेतु विद्यालय प्रबंधन व अभिभावकों ने विशेष नियम बनाये थे.

**टूटे नियम ,अनियमितता शुरू :** नियम के अनुसार स्कूल प्रारम्भ होने के निर्धारित समय के बाद गेट में ताला बंद होगा. जो भी बच्चे या शिक्षक-शिक्षिकाएं विलम्ब से आयेंगे, उन्हें स्कूल में प्रवेश नहीं करने दिया जायेगा. कुछ दिन सब कुछ ठीक से चलता रहा. बाद में नियम टूटने लगे और कुछ बच्चे विलम्ब से आते तो उन्हें सजा के तौर पर मैदान का कई चक्र दौड़ लगाने की सजा दी जाती थी. बीते दिन जब शिक्षक विलम्ब से आये तो बच्चों ने स्कूल गेट का ताला बंद कर दिया. यहीं से विवाद बढ़ने लगा. इसके बाद शिक्षक-शिक्षिकाओं और बच्चों के बीच भी विवाद बढ़ता गया.

**बच्चों की शिक्षा व भविष्य के साथ खिलवाड़ ठीक नहीं : यादव**

विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राम प्रकाश यादव से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि बीते दिन बच्चों व शिक्षिकाओं के बीच कुछ विवाद हो गया था . एक शिक्षिका विलम्ब से स्कूल आयी तो बच्चों ने गेट बंद कर दिया था . गेट का ताला हम खोले थे . स्कूल समय में बच्चों द्वारा गेट में ताला नहीं लगाना चाहिये था . अभिभावकों के साथ भी बैठक कर इसका समाधान कर लिया गया था . लेकिन शुक्रवार की सुबह बच्चे स्कूल नहीं आ रहे थे तो हम परेशान हुये . उन्होंने कहा कि शिक्षा के मंदिर में बाहरी राजनीति कर व बच्चों की शिक्षा व भविष्य के साथ खिलवाड़ करना अच्छी बात नहीं है . नहीं मालूम कौन बच्चों को भड़काकर स्कूल आने से रोक रहा है . यह दुर्भाग्यपूर्ण है . उन्होंने बताया कि हमारे यहां नामांकित बच्चों की संख्या 340 है . स्थायी शिक्षक–शिक्षिकाओं की संख्या पांच और निजी तीन शिक्षक–शिक्षिकायें हैं . बच्चे कम आयें हैं और विवाद का समाधान का प्रयास किया जा रहा है .

इसके अलावे शिक्षक-शिक्षिकाओं पर बच्चों का समुदाय देख भेदभाव करने का भी आरोप लग रहा है. कुछ पैसों का वितरण में भी यह विवाद आया था, लेकिन इसका हल करा दिया गया था. बच्चों ने बताया कि उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है. इस कारण वे स्कूल जाना बंद कर दिये हैं.

### बीयर पीने के लिए रंगदारी नहीं देने पर की थी फायरिंग

# पुलिस ने दो आरोपियों को हथियार के साथ धर दबोचा

**खास बातें**

- पांच अप्रैल को आरोपियों ने बैधनाथ से रंगदारी मांगी थी
- मामले में आठ अप्रैल को पुलिस ने एक आरोपी को जेल भेजा था

**संवाददाता। जमशेदपुर**



जमशेदपुर के उलीडीह ओपी क्षेत्र के रामनगर में फायरिंग करने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में सुभाष कॉलोनी निवासी विवेक तिवारी और लक्ष्मण नगर निवासी आकाश गिरी शामिल है. आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने एक देसी पिस्टल, दो जिंदा गोली और एक मैगजीन बरामद किया है वहीं पुलिस ने घटनास्थल में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है.

**पूर्व में एक आरोपी जा चुका है जेल :** जानकारी देते हुए सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि 5 अप्रैल को आरोपियों ने बैधनाथ कुमार साहू से रंगदारी की मांग की जा रही थी. बैधनाथ बस्ती में ही छोटी सी दुकान चलाता है. आरोपियों द्वारा बैधनाथ से बीयर पीने के लिए रुपयों की मांग की जा रही थी. रुपए नही देने पर बैधनाथ की दुकान पर फायरिंग की गई थी. मामले में आठ अप्रैल को अनीस रजक को जेल भेजा जा चुका है. आज इसी मामले में दो अन्य आरोपियों को भी जेल भेजा जा रहा है.

### आबकारी विभाग ने छापेमारी कर अवैध महुआ शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

## भारी मात्रा में शराब व महुआ जावा बरामद



**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के गुलकेड़ा पंचायत स्थित पोकुवाबेड़ा गांव के नदी किनारे आबकारी विभाग की टीम ने शुक्रवार को छापेमारी की .जहां छापेमारी के दौरान आबकारी विभाग की टीम ने अवैध महुआ शराब निर्माण की भट्ठी को ध्वस्त कर दिया . साथ ही छापेमारी के दौरान पांच हजार किलोग्राम जावा महुआ व नौ सौ लीटर महुआ शराब बरामद किया गया .इस संबंध में आबकारी विभाग के अधिकारी प्रवीण चौधरी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण को लेकर कार्रवाई की जा रही है . गुप्त सूचना के आधार पर पोकुबावेड़ा गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया . जहां नदी किनारे संचालित हो रहे अवैध महुआ शराब निर्माण भट्ठी को ध्वस्त कर दिया गया .साथ ही भारी मात्रा में महुआ शराब व महुआ जावा को बरामद कर अवैध देशी शराब का संचालन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है .

#### बस्तियों को उजड़ने से कौन बचाया झामुमो नेता तब कहां थे : भाजपा

**किरीबुरु।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने किरीबुरु स्थित टीओपी हाटिंग में एनडीए गठबंधन प्रत्याशी सह सांसद गीता कोड़ा के पक्ष में जनसम्पर्क अभियान चलाया. इस दौरान श्याम गुप्ता, मधुसुदन तुबीद, अरविन्द लाल, सोनाराम गोप, सोमा नाग आदि कार्यकर्ता शामिल थे. इन कार्यकर्ताओं ने बस्ती के लोगों से कहा कि बीते दिनों जब सेल की किरीबुरु एवं मेघाहातुबुरु प्रबंधन ने सेल की लीज क्षेत्र में अवैध तरीके से बसी बस्तियों व दुकानों को हटाने अथवा खाली करने हेतु नोटिस देकर काफी दबाव बनाये हुए थी तब गरीबों व बस्ती के लोगों के साथ सांसद गीता कोड़ा एवं मधु कोड़ा के अलावे भाजपा खडी. रही. कोड़ा दंपति ने किरीबुरु-मेघाहातुबुरु की तमाम लोगों के साथ खड़ा होकर आंदोलन किया, सेल अधिकारियों से बात किया.

#### पीडीजे से मिले अधिवक्ता पुनः पार्क बनाने की मांग

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर कोर्ट में बीते दिनों ई-कोर्ट बनाने को लेकर पार्क को तोड़ने का मामला तूल पकड़ने लगा था. इधर, इसी मामले को लेकर अधिवक्ताओं ने एडहॉक कमेटी के अध्यक्ष लाला अजीत अंबष्ठ से मुलाकात कर कोर्ट परिसर में रखे दो कंटेनर को हटाने और पार्क का निर्माण करवाने की मांग की. इधर, एडहॉक कमेटी ने जिला एवं सत्र न्यायधीश अनिल कुमार मिश्रा से मिले और अधिवक्ताओं की मांग को उनके समक्ष रखा. जिला न्यायधीश ने तत्काल निर्णय लिया और कहा कि अविलंब पार्क के निर्माण की कार्य शुरू की जाए .बैठक में संचालनकर्ता अजय सिंह राठौड़, संजीव रंजन परिहार, वरीय अधिवक्ता देवेंद्र सिंह, विजेंद्र कुमार सिंह, अक्षय कुमार झा, जाहिद इकबाल, जितेंद्र कुमार दुबे, प्रवीण कुमार सिंह, लुसी कच्छप, संजीव कुमार झा, विजय कुमार सिंह, अमित कुमार, निरंजन झा, संजीत कुमार गुप्ता, अभय कुमार सिंह, गौरव पाठक समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे.

## भीषण गर्मी में पेयजल समस्या से जूझ रहे बहरागोड़ा के ग्रामीण



**संवाददाता। बहरागोड़ा**

बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के पाथरा पंचायत अंतर्गत गंधानाटा गांव के जांतकांटा टोला में स्थित सोलर जलापूर्ति योजना बीते कई माह से बंद है जिससे षाड़ंगी ऊपर टोला,बांधडीही एवं जांतकांटा टोला के लोग इस भीषण गर्मी में उत्पन्न पेयजल समस्या सम्मुख कर रहे हैं.उक्त जलमीनार के पंप (मोटर)खराब होने से विगत छः महीनों से पेयजल आपूर्ति ठप है.इस जलमीनार से गांव के लगभग चालीस परिवार में पेयजल आपूर्ति होती थी.वहीं गांव की महिलाओं द्वारा पेयजल समस्या को लेकर लेकर संबंधित विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया. ग्रामीणों ने भी बताया कि योजना के संवेदक तथा विभाग जल्द से जल्द बंद पड़े सोलर जलमीनार को ठीक करें जिससे कि गांव के लोगों को पेयजल की समस्या से छुटकारा मिल सके. ग्रामीणों मदन कुमार गोप, गुर्बा मुर्मू, बादल मुर्मू,कुंवर मुर्मू, सुरु बाली मुर्मू, नाग मानी मुर्मू, लक्की राणा, सोना मनी टुडु, हंपा टुडु ने बताया कि विभागीय अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि के द्वारा कोई ठोस पहल नहीं होने के कारण ग्रामीणों में आक्रोश है .

## घाटशिला में दो दिवसीय आकलन व मूल्यांकन प्रशिक्षण का आयोजन

**संवाददाता। घाटशिला**



संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर में क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत सीबीएसई के उत्कृष्टता केंद्र पटना के द्वारा शुक्रवार को शिक्षकों के लिए दो दिवसीय आंकलन और मूल्यांकन प्रथाओं पर आधारित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. इसमें 26 वर्षों की अनुभवी शिक्षाविद्, बाल्डविन स्कूल कदमा की प्राचार्या, जे एस एस सी सीबीएसई की अध्यक्ष तथा बिहार और झारखंड में विज्ञान विषय की विशेषज्ञ सुभोश्री सरकार एवं वाइस प्रिंसिपल, एनएमएल केरला पब्लिक स्कूल एग्रीकॉ जमशेदपुर, शिक्षा के क्षेत्र में बीस वर्षों की अनुभवी रजनी शर्मा संसाधक के रूप में उपस्थित थीं. विद्यालय की परंपरा के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधक डॉ. प्रसेनजीत कर्मकार, प्राचार्या नीलकमल सिन्हा शिक्षक प्रभारी अनूप कुमार पटनायक एवं शैक्षणिक प्रभारी एस आर दत्ता एवं दोनों संसाधकों ने दीप प्रज्वलित कर की . विद्यालय की प्राचार्या नीलकमल सिन्हा ने दोनों संसाधकों का स्वागत किया. कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण का हमारे विद्यालय प्रांगण में होना सौभाग्य की बात है.

पहले दिन के सत्र की शुरुआत आंकलन का परिचय, उद्देश्य, रणनीतियां, बच्चों को कक्षा-कक्ष में शिक्षण कराते समय आने वाले बाधाओं, सीबीएसई के मूल्यांकन से संबंधित नए पुराने परिपत्र, उनके परिवर्तन एवं आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा कर की गई. लेवल को ध्यान में रखते हुए ''ब्लूम टेक्सॉनमी'' के अनुसार ही प्रश्न पत्र तैयार करें. इसके उपरांत मूल्यांकन की संरचना, आंतरिक मूल्यांकन स्मार्ट लर्निंग आउटकम, एलएए आर मूल्यांकन चक्र-लर्निंग आउटकम, एक्टिविटी, असेसमेंट एवं रिफ्लेक्शन के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया. विद्यालय के कुल 60 शिक्षक- शिक्षिकाएं प्रतिभागी के रूप में उपस्थित रहें.

### न्यूज अपडेट

#### गणराज्य बनाने का सपना गांधी ने पहले ही देखा था : तिरिया

**चाईबासा।** पंचायतीराज में गांव को आत्मनिर्भर एवं गणराज्य बनाने का सपना महात्मा गांधी ने बहुत पहले देख लिया था. पंडित नेहरू, महात्मा गांधी के सपनों को जीवित आकार देकर गांव के लोगों को भी देश के विकास में भागीदार बनाना चाहते थे. ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति को भी देश के विकास में अपनी भागीदारी का मौका मिल सके. पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इसकी नींव रखी और स्व राजीव गांधी ने पंचायती राज की खूबसूरत इमारत खड़ी की. ये बातें जेटेया मुखिया सह युवा कांग्रेस ने प्रखंड अध्यक्ष संजीत तिरिया ने पंचायती राज दिवस के अवसर पर कोटगढ़ पंचायत अन्तर्गत ग्राम कातिकोड़ा में कही. उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी जी को वोट देकर विजय बनाने की अपील कर केन्द्र में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने की बात कही.

#### झामुमो कार्यकर्ताओं ने समीर मोहंती को दी बधाई



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी कार्यालय के सम्मुख झामुमों कार्यकर्ता द्वारा बहरागोड़ा विधानसभा के विधायक समीर कुमार मोहंती को जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए इंडिया गठबंधन की ओर से लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने की खुशी में उनका जोरदार स्वागत किया गया. इस मौके पर झामुमों के केंद्रीय सदस्य सह क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के कोल्हान सदस्य आदित्य प्रधान, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष असित मिश्रा, सुमित माईती, रास बिहारी साउ, राजीव लेंका, मनोरंजन होता एवं पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे.

#### बीडीओ ने बीएलओ के साथ की समीक्षा बैठक



**घाटशिला।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी युनिका शर्मा ने बीएलओ के साथ समीक्षा बैठक कर कई निर्देश दिए. इस दौरान बीडीओ ने बीएलओ से जानकारी लिया कि जमशेदपुर लोकसभा में मतदान कब होगा, पोलिंग पार्टी बूथ अथवा क्लस्टर पर कब पहुंचेगी. लोकसभा चुनाव को लेकर बीएलओ की तैयारी पूरी हुई है या नहीं इस संबंध में जानकारी लिया. उन्होंने जानकारी दिया कि मतदान केंद्र संख्या 56 से लेकर 87 नंबर मतदान केंद्र पर ही मतदान कर्मी पहुंचेंगे.

#### सीपीएस स्कूल आदित्यपुर में मॉप-अप दिवस कार्यक्रम



**आदित्यपुर।** सीपीएस स्कूल आदित्यपुर में शुक्रवार को मॉप-अप दिवस मनाया गया. सिविल सर्जन डॉ. अजय सिन्हा, एमओआईसी डॉ लक्ष्मी, एमपीडब्ल्यू दीपक कुमार, बीटीटी मुनिराम महतो और डीयूएचएम मनीष गुलाटी के मार्गदर्शन में नर्सरी से कक्षा-12 तक के कई विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल की खुराक दी गई. कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ ने भरपूर सहयोग किया.

#### गीता कोड़ा डर से भाजपा में हुईं शामिल : निरल पूर्ति



**मझगांव।** कुमारडुंगी प्रखंड के तियापोसी गांव में मझगांव विधायक निरल पूर्ति ने ग्रामीणों के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को बैठक किया. बैठक को संबोधित करते हुए विधायक निरल पूर्ति ने कहा कि यह चुनाव आदिवासियों के अस्तित्व को बचाने का चुनाव है. हम आदिवासियों की संस्कृति, संस्कार, नियम, कानून और अधिकार से जुड़ा हुआ चुनाव है. इसी को देखते हुए दिशुम गुरु शिबू सोरेन ने पूर्व मंत्री जोबा मांझी को चुनाव मैदान में उतारा. कांग्रेस के प्रत्याशी गीता कोड़ा को जीत दिलाकर दिल्ली भेजा गया था. अचानक चुनाव के समय अपने पति मधु कोड़ा को बचाने के लिए गीता कोड़ा ने भाजपा का दामन थाम लिया है. सी डर के कारण कोड़ा दंपति ने आदिवासियों के हितों के साथ समझौता कर भाजपा के पाले में चले गए.

#### जनता 400 पार के झांसे में नहीं आयेगी जनता : मुन्ना सुंडी



**नोवामुंडी ।** जनता 400 पार के झांसे में नहीं आयेगी, सीधे तड़ीपार करेगी.जनता को रोटी, कपड़ा, मकान, नौकरी, रोजगार चाहिए. इस पर भाजपा नहीं बोलेगी, भाजपा के प्रत्याशी श्रीमती गीता कोड़ा झामुमो को बेवजह बदनाम करने की कोशिश कर रही है.यह बातें टोन्टो प्रखंड 20 सूत्री कार्यक्रम के अध्यक्ष मुन्ना सुंडी ने टोन्टो प्रखंड के ग्राम टोन्टो के रोयागुटू में जगन्नाथपुर और चाईबासा विधासभा क्षेत्र बुंडू, रेंगराहातु टोन्टो पंचायत स्तरीय ग्राम के प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही.

#### गीता कोड़ा ने चक्रधरपुर के कई क्षेत्रों में किया जनसंपर्क



**चक्रधरपुर ।** भारतीय जनता पार्टी की सिंहभूम सीट से प्रत्याशी गीता कोड़ा ने चक्रधरपुर शहरी क्षेत्र के विभिन्न मोहल्ले में जन संपर्क चलाया.जहां उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आर्थिक रुप से कमजोर लोगों के लिए चलाये जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया. उन्होंने सिंहभूम से भी भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए आगामी 13 मई को पक्ष में वोट देने की बात कही. इस दौरान उन्होंने चक्रधरपुर के पवन चौक, वार्ड संख्या चार, पुरानी बस्ती, वार्ड संख्या दो स्थित कुदलीबाड़ी, भलियाकुदर, वार्ड संख्या तीन हरिजन बस्ती कई स्थानों का दौरा किया.

#### महागठबंधन प्रत्याशी समीर का झामुमो कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**घाटशिला ।** जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से इंडिया महागठबंधन के घोषित प्रत्याशी समीर महंती का शुक्रवार को घाटशिला प्रखंड के झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने घाटशिला के एक होटल में स्वागत समारोह आयोजित किया. लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी बनाए जाने पर उन्होंने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन तथा सीएम चंपई सोरेन का आभार व्यक्त किया. मौके पर विधायक प्रतिनिधि जगदीश भगत, वरिष्ठ झामुमो नेता रामदास हांसदा, काजल डॉन, विकास मजूमदार, राजहंस मिश्रा, रतन महतो सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे.

### अर्का जैन यूनिवर्सिटी आईपीएल की तर्ज पर क्रिकेट का महाकुंभ जैन प्रीमियर लीग हुआ संपन्न

# आरकेएमएस सिदगोड़ा का ट्रॉफी पर कब्जा

**मुख्य संवाददाता। जमशेदपुर**



अर्का जैन यूनिवर्सिटी की ओर से जमशेदपुर को-आपरेटिव कॉलेज ग्राउंड में आईपीएल की तर्ज पर आयोजित जैन प्रीमियर लीग (जेपीएल) सम्पन्न हुआ. फाइनल मैच रामकृष्ण मिशन स्कूल (आरकेएमएस) सिदगोड़ा और आरमएस खूंटाडीह के बीच खेला गया. फाइनल मुकाबले में आरकेएमएस सिदगोड़ा की टीम ने आठ रनों से आरमएस खूंटाडीह को पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया. इस अवसर पर अतिथि के रूप में बीसीसीआई के सदस्य राजीव दास, टाटा स्टील स्पोर्ट्स के मैनेजर तथा इंटरनेशनल हैंडबॉल कोच सह हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव डॉ हसन इमाम मल्लिक, जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज के प्राचार्य डॉ अमर सिंह, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर सौरभ तिवारी एवं हैंडबॉल खिलाड़ी रिमझिम उपस्थित थीं. अतिथियों ने यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता की सराहना की. साथ ही कहा कि इस तरह के आयोजनों से छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा निकालना एवं प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होता है. उन्होंने दोनों टीमों में शामिल छात्रों की भी हौसला आफजाई की.

**आरमएस खूंटाडीह की टीम बनी उप विजेता**

इसलिए महाकुम्भ के समापन पर आरकेएमएस सिदगोड़ा को विजेता ट्रॉफी तथा आरमएस खूंटाडीह को उप विजेता की ट्रॉफी प्रदान की गई . वहीं आरकेएमएस सिदगोड़ा की टीम में शामिल ऋषि को मैन ऑफ द सीरीज व अक्षत को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया . जुस्को स्कूल साउथ पार्क के रेहान को इमार्जिंग प्लेयर का पुरस्कार प्रदान किया गया . यह आयोजन यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट बोर्ड के अध्यक्ष डॉ एसएस रजी, निदेशक सह कुलसचिव डॉ अमित श्रीवास्तव, कुलपति डॉ ईश्वरान अय्यर, परिसर निदेशक डॉ अंगद तिवारी, के मार्गदर्शन में किया गया . इस स्पोर्ट्स लीग का संचालन यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स काउन्सिल की ओर से किया गया . इसमें डॉ रूपा सरकार, विशाल, अमित समेत अन्य की सराहनीय भूमिका रही .

### ज्ञानचंद जैन अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का दूसरा दिन

## मांगी लाल रुंगटा ने संत जेवियर्स इंगलिश स्कूल को हराया

**संवाददाता। चाईबासा**



सोमलेश्वर सुम्बरुई की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत मांगी लाल रुंगटा प्लस टू विद्यालय ने गत वर्ष की उपविजेता टीम संत जेवियर्स इंगलिश स्कूल चाईबासा को एकतरफा मुकाबले में सात विकेट से पराजित कर प्रतियोगिता में बड़ा उलटफेर किया. आज की जीत के साथ ही मांगी लाल रुंगटा विद्यालय के चार अंक हो गए हैं. अगर मांगीलाल रुंगटा उच्च विद्यालय की टीम 7 मई को अपने दूसरे और अंतिम लीग मैच में मधुसूदन महतो उच्च विद्यालय आसनतलिया को पराजित कर देती है तो इसका सुपर डिवीजन में क्वालीफाई करना लगभग तय हो जाएगा. 13वीं ज्ञान चंद जैन अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत आज खेले गए दूसरा मैच चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर सुबह सात बजे से खेला गया.

आज के मैच में टॉस मांगी लाल रुंगटा प्लस टू विद्यालय के कप्तान ने जीता तथा विपक्षी टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया. पहले बल्लेबाजी करते हुए संत जेवियर्स इंगलिश स्कूल की पूरी टीम 18.4 ओवर में 115 रन बनाकर पैविलियन लौट गई. जीत के लिए निर्धारित बीस ओवर में 116 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी माँगी लाल रुंगटा प्लस टू विद्यालय के बल्लेबाजों ने 12.2 ओवर में मात्र तीन विकेट खोकर 116 रन ठोक डाले और सात विकेट से मैच अपने नाम कर लिया.मैच समाप्ति के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मांगी लाल रुंगटा प्लस टू विद्यालय को एकतरफा जीत दिलाने के लिए सोमलेश्वर सुम्बरुई को मैन आफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया.

▼ ब्रीफ खबरें

## बीडीओ और सीओ ने बूथों का किया निरीक्षण

**केरेडारी।** लोकसभा चुनाव को लेकर बीडीओ अमित कुमार व सीओ रामरतन बर्णवाल लगातार प्रयास कर रहे हैं. इन्हीं तैयारियों के निरीक्षण हेतु शुक्रवार को बीडीओ व सीओ ने गोपदा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय पगार, सामुदायिक भवन भदईखाप सहित कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया. इन्होंने इन मतदान केंद्रों में मौजूद मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया. सीओ व बीडीओ लोकतंत्र के महापर्व में आगामी 20 मई को होने वाले मतदान में मतदाताओं से बढ़-चढ़ कर भाग लेने का भी आग्रह किया है.

## हत्या के आरोप में तीन गिरफ्तार हुए

**हजारीबाग।** कटकमसांडी थाना पुलिस ने हत्या के मामले में तीन आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. पकड़े जाने वालों में आरोपी अनिल राम, धर्मेंद्र राम और प्रियांशु राम, शामिल हैं. इस संबंध में पुलिस ने बताया कि 27 अप्रैल को कटकन सैंडी के खैर जंगल से एक अज्ञात शव पुलिस ने बरामद किया था. इसके बाद मृतक की पहचान हुई और परिजनों के बयान पर 72/24 के तहत कटकमसांडी थाने में मामला दर्ज किया गया था.

## मवेशी लदा वाहन जब्त, दो गिरफ्तार

**हजारीबाग।** चौपारण पुलिस प्रतिबंधित पशु तस्करी रोकने के लिए लगातार कड़ी कार्रवाई कर रही है. मामले में कई तस्कर गिरफ्तार भी हुए हैं. इसी क्रम में शुक्रवार को चोरदाहा चेकपोस्ट पर 16 भैंस का बच्चा लदा पिकउप वाहन को जब्त किया गया. मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है. इस संबंध में बरही डीएसपी सुरजीत कुमार और चौपारण थाना प्रभारी दीपक सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गयी.

## कार्यालय में स्वच्छता का ध्यान रखें डाककर्मी

**हजारीबाग।** डाक विभाग की ओर से कॉलेज मोड़ उप डाकघर में स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता एक्शन प्लान 2024 की कार्य योजना को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में ब्रजेश कुमार पासवान, सहायक डाक अधीक्षक, हजारीबाग ने सेंट्रल सब डिवीजन के उप डाकघर व शाखा डाकघर के डाकपाल, बीपीएम को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अपने कार्यालय में नियमित रूप से साफ-सफाई रखें. वहीं ग्राहकों के लिये स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था रखें.

### सात से नौ मई तक विश्वविद्यालय का होगा नैक के लिए भौतिक मूल्यांकन, कुलपति सुमन ने कहा-

# सर्वोत्तम ग्रेड प्राप्त कर विभावि को गौरवान्वित करें

**संवाददाता। हजारीबाग**



विश्वविद्यालय को नैक द्वारा मूल्यांकन में अच्छे ग्रेड प्राप्त हो यह विश्वविद्यालय की गरिमा का विषय है. इसके लिए हम सब एक परिवार के रूप में मिलकर काम करें. इस दरम्यान कोई भी छुट्टी न लें. उक्त बातें विनोबा भावे विश्वविद्यालय की कुलपति सुमन कैथरीन किसपोट्टा ने कहीं. वे शुक्रवार को नैक मूल्यांकन से पूर्व विश्वविद्यालय की तैयारी की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रही थी. बैठक का आयोजन आर्यभट्ट सभागार में किया गया था. उन्होंने आग्रह किया कि आप सभी सकारात्मक बने रहें एवं अपना सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय को दें. उन्होंने यह भी घोषणा की कि वह स्वयं सभी विभागों का दौरा कर तैयारी की समीक्षा करेंगी. बैठक में ओंबड्समैन के लिए एक कार्यालय निर्धारित करना, नैक के साथ बैठक के लिए पूर्ववर्ती छात्रों एवं अभिभावकों के दल का निर्धारण करना, स्वास्थ्य केंद्र को सुचारु रूप से व्यवस्थित करना, विश्वविद्यालय कैंटीन को यथाशीघ्र चालू करना, परिसर में लगे सभी प्रकार के बोर्ड को दुरुस्त करना, निर्बाध बिजली एवं जल आपूर्ति सुनिश्चित करना, पूरे परिसर को स्वच्छ बनाए रखना आदि विषयों पर सहमति बनी.

**वाई-फाई की समस्या को दूर करने का सुझाव :** विश्वविद्यालय के वित्त परामर्शी सुनील कुमार सिंह ने वाई-फाई से संबंधित समस्या को दूर करने का सुझाव दिया. उन्होंने यह भी कहा कि अब समय कम है. जरूरी संचिकाओं के संबंध में अधिकारियों से सीधा संपर्क करें. बैठक में अवकाश प्राप्त प्रोफेसर (डॉ) पी महतो, डॉ चंद्रशेखर सिंह, छात्रकल्याण संकायअध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) मिथिलेश कुमार सिंह, आइक्यूएसी के निदेशक डॉ सादिक रज्जाक, डॉ सुकल्याण मोइत्रा, डॉ राखो हरि, डॉ वीरेंद्र कुमार गुप्त, डॉ विनोद रंजन, डॉ जॉनी रुफिन तिर्की आदि लोगों ने विचार रखें.

### टैगोर कला भवन के जीर्णोद्धार का दिया आदेश

बैठक का संचालन करते हुए नैक कोषांग के समन्वयक डॉ गंगानंद सिंह ने सदन को जानकारी दी की सभी विभागों ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन तैयार कर लिया है. उन्होंने सभी विभागों को 14 बिंदुओं पर संचिका एवं पिछले 7 वर्षों का वार्षिक प्रतिवेदन 27 अप्रैल तक तैयार रखने का आग्रह किया. बैठक में नैक मूल्यांकन से संबंधित विभिन्न उपसमितियों के संयोजकों ने अपनी-अपनी समितियों की तैयारी से सदन को अवगत कराया. बैठक में इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. विकास कुमार ने रविंद्र नाथ टैगोर कला भवन की जीर्ण-शीर्ण स्थिति की तरफ कुलपति का ध्यान आकृष्ट किया एवं यथाशीघ्र उसके जीर्णोद्धार की मांग की. कुलपति ने तत्काल कुलसचिव को निर्देश दिया की सीसीडीसी को उक्त कार्य को संपन्न करने का आदेश दिया जाए

# दहेज हत्या के आरोपी सास ससुर को सात वर्ष कारावास

- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय की अदालत ने सुनाई सजा
- मृत महिला के पति को पूर्व में ही सुनाई जा चुकी है सजा



**संवाददाता। कोडरमा**

दहेज के लिए हत्या किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने गुरुवार को आरोपी ससुर सरयू यादव, सास सुनीता देवी पति को 304 (बी) आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 7 वर्ष कारावास की सजा सुनाई. वहीं 201/34 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 3 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी. साथ ही 5000 जुर्माना लगाया. जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी. मृतक महिला के पति को पूर्व में सजा सुनाई जा चुकी है. सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी. मामला वर्ष 2022 का है.मृतका के पिता कोलेश्वर यादव ने सतगावा थाने में मामला दर्ज कराया था, जिसके मुताबिक उसकी पुत्री ममता देवी की शादी वर्ष 2018 में सतगामा निवासी बबलू यादव, पिता सरयू यादव के साथ हुई थी. उसे दो पुत्री हुई. बाद में ससुराल वाले दहेज के रूप में एक बोलेरो गाड़ी मांगने लगे और देने में असमर्थता जताने पर, मेरी पुत्री को प्रताड़ित करने लगे. पंचायती भी हुई लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ.

### योजनाएं पूरी होंगी या अधूरी रहेंगी नेताजी की जीत-हार पर निर्भर

# कहीं पेयजल का संकट, तो कहीं शौचालय के लिए आफत

**संवाददाता। हजारीबाग**





ग्रामीण क्षेत्र में इन दिनों नल जल योजना और शौचालय अहम मुद्दा बना हुआ है. जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे ग्रामीण जनप्रतिनिधियों से नल जल योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए शौचालय को लेकर कठिन सवाल पूछ रहे हैं. बताते चलें कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत केंद्र सरकार प्रत्येक घर में शौचालय बनाने की योजना चला रही है. इसके लिए सरकार सहयोग राशि 12000 रुपये देती है, लेकिन इस योजना का लाभ कुछ ही लोगों को मिल पाया है.

वहीं सरकार की दूसरी महात्वाकांक्षी योजना नल जल थी, जिसके तहत प्रत्येक घर में स्वच्छ जल पहुंचाना जाना है. लेकिन तीन वर्ष बाद भी यह योजना धरातल पर नहीं उतर पायी है. जिले के इचाक, कटकमसांडी, पदमा चर्च सहित कई प्रखंडों के ग्रामीण पिछले तीन वर्षों से पानी का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन उन्हें आज तक एक बूंद पानी नल जल योजना के माध्यम से नहीं मिला है. वहीं बात करें आज भी कई प्रखंडों में 60 प्रतिशत से अधिक शौचालय अधूरे हैं. किसी में पानी नहीं है तो किसी में दरवाजा नदारद है.

**कोडरमा व हजारीबाग लोस क्षेत्र में पानी के लिए हाहाकार :** इस संबंध में अनिल कुमार ने बताया कि कोडरमा लोकसभा एवं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कई गांव में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है. ग्रामीण दूसरे के कुएं से पानी लाते हैं, जबकि नल योजना के तहत ढांचा तो बनाया गया है लेकिन योजना पूरी नहीं हुई है. चुनाव खत्म होने का इंतजार ठेकेदार और अधिकारी कर रहे हैं. चुनाव में हार होगी तो काम बंद करवा दिया जायेगा और ढांचा खड़ा रह जाएगा. इसके बाद अगले चुनाव में फिर से पानी देने की बात कही जाएगी.

### नल जल योजना को तैयार नहीं कर पाया ठेकेदार : सुनीता देवी



इस संबंध में इचाक प्रखंड की सुनीता देवी ने बताया कि ठेकेदार द्वारा नल जल योजना के तहत कहीं ढांचा बनाया गया है तो कहीं बोरिंग की गयी है, लेकिन वह आज तक योजना तैयार नहीं कर पाया है. इसके लिये सरकार दोषी है या ठेकेदार? अगर ठेकेदारी दोषी है तो उस पर कार्रवाई आज तक क्यों नहीं हुई?

### कागज पर शौचालय बना फरार हो गया ठेकेदार : ललिता देवी



इस संबंध में कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के इचाक बोंगांव निवासी ललिता देवी ने बताया कि शौचालय के लिये सरकार की ओर से 12000 रुपये सहयोग राशि देने का प्रावधान था, लेकिन अधिकारी ने उक्त राशि नहीं दी. कमीशन के लालच में ठेकेदार को काम करने का आदेश दे दिया, लेकिन ठेकेदार शौचालय केवल कागज पर पूरा कर फरार हो गया.

### ठेकेदार चुनाव हरवा न दें इसलिये चुप रहते हैं जनप्रतिनिधि

इस संबंध में डॉ. आरसी प्रसाद ने बताया कि जिस समय शौचालय और नल जल योजना पर काम हो रहा था उस वक्त जनप्रतिनिधि ने चुप्पी साध ली थी. उन्हें डर था कि ठेकेदार कहीं चुनाव हरवा न दे और कमीशन में कहीं कटौती न कर दे. उस वक्त अगर वह आवाज उठाते तो नल जल योजना 2022 में ही पूरी हो जाती.

# भीषण गर्मी पड़ते ही सूखने लगे पानी के स्रोत, लोगों में हाहाकार

**खास बातें**

- केरेडारी प्रखंड में नल जल योजना फेल होती दिख रही
- इक्का-दुक्का कुएं पर महिलाओं की लग रही लंबी कतार



**संवाददाता। केरेडारी**

प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों चल रही प्रचंड लू ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है. जेठ की दुपहरी अभी बाकी है, जबकि बैशाख महीना अभी शुरू ही हुआ है, लेकिन सूर्य देवता अभी से ही रौद्र रूप में तप रहे हैं. प्रखंड क्षेत्र में भीषण गर्मी की वजह से तापमान इन दिनों लगातार 40 डिग्री पार कर रहा है. आवश्यक सेवा में कार्यरत कर्मियों को छोड़ दें तो सुबह 9 बजे के बाद ही लोग घरों में दुबक जाने को विवश हैं. वहीं दूसरी ओर बाजार में इन दिनों शीतल पेय, नींबू पानी, अमझोरा, सत्तू, आमरस, गन्ने का रस व मौसमी फल खीरा, ककड़ी, तरबूज व आम की बिक्री जोरों पर है. लोग लू से बचने के लिए इन पदार्थों का उपयोग कर रहे हैं. वहीं प्रखंड क्षेत्र में भीषण गर्मी की वजह से पेयजल की समस्या भी उत्पन्न हो गई है. अधिकतर कुएं भी सूख चुके हैं. जहां इक्का दुक्का कुएं में पानी है वहां महिलाओं की लंबी कतार लग जाती है. नल जल कार्यक्रम भी तकरीबन फेल होता दिख रहा है.

### 'पानी व शीतल पेय पदार्थों का सेवन करते रहें'

प्रखंड सीएचसी में कार्यरत डॉ. सुधीर रंजन बताते हैं कि लू से बचने के लिए शरीर में पानी की कमी हो सकती है और डिहाइड्रेशन का शिकार हो सकते हैं. इसलिए लगातार पानी व शीतल पेय पदार्थों का सेवन करते रहें. खाली पेट धूप में बिलकुल भी न निकले व अगर निकलना आवश्यक हो तो सर पर गमछा का प्रयोग करें और धूप से बचें. ग्लूकोज व अमझोरा का सेवन जरूर करें. फिलहाल प्रखंडवासियों को भीषण गर्मी से राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है.

# ट्रेलर ने महिला को रौंदा, हुई मौत

**संवाददाता। चौपारण**

कंस्ट्रक्शन कंपनी की लापरवाही व एनएचएआई की अनदेखी के कारण प्रखंड में जीटी रोड के चौड़ीकरण का कार्य कई वर्षों बाद भी पूर्ण नहीं हो सका है. जीटी रोड को कई जगह वनवे करके छोड़ दिया गया है. जिससे आए दिन लोग जाने अनजाने में मौत के मुंह में समा रहे हैं. शुक्रवार को भी कंस्ट्रक्शन कंपनी की लापरवाही की वजह से पैदल चल रही एक महिला की मौत ट्रेलर का धक्का लगने से हो गयी. मृतक युवती की पहचान ग्राम महुदी निवासी दिनेश चौधरी की पत्नी रेखा देवी (30) के रूप में हुई है.


### आक्रोशित लोगों ने की सड़क जाम

इधर, घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने जीटी रोड पर टायर जला कर यातायात पूरी तरह से अवरुद्ध कर दिया, जिससे गाड़ियों की लंबी कतार लग गई और लंबा जाम लग गया. आक्रोशित लोग खबर लिखे जाने तक एनएचएआई, कंस्ट्रक्शन कंपनी व ट्रेलर मालिक से 50 लाख मुआवजे की मांग कर रहे थे. लोगों ने बताया कि कंस्ट्रक्शन कंपनी की लापरवाही के कारण जीटी रोड में आए दिन सड़क दुर्घटना हो रही है. इधर खबर लिखे जाने तक प्रशासन लोगों को समझा बुझाकर जाम हटाने का प्रयास कर रहा था.

### पक्षकारों से भाग लेकर मामलों के निष्पादन में सहयोग करने की अपील

# हजारीबाग सिविल कोर्ट में विशेष लोक अदालत का आयोजन आज

**संवाददाता। हजारीबाग**



झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर हजारीबाग सिविल कोर्ट परिसर में शनिवार को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा. 21 अप्रैल से 26 अप्रैल तक एक प्री-लोक अदालत का अभियान चलाया गया था, जिसमें पक्षकारों के बीच बातचीत कर मामलों में सुलह कराया गया. यह अभियान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश सिन्हा की देखरेख में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले चलाया जा रहा था. इस प्री-लोक अदालत की बैठक में चेक अनादरण एवं विद्युत अधिनियम से संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए पक्षकारों के बीच बातचीत की गई. कई मामले निपटाए गए. मामलों के निष्पादन हेतु एक विशेष लोक अदालत का आयोजन शनिवार को सुबह 8 बजे से व्यवहार न्यायालय हजारीबाग में किया जाएगा. यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौरव खुराना ने दी.

**चेक बाउंस और बिजली मामले का होगा निपटारा :** बातचीत के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक संख्या में चेक अनादरण और विद्युत अधिनियम से मामलों का निष्पादन करना था. ताकि लोगों तक सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त हो सके. साथ ही पक्षकारों के बहुमूल्य समय की बचत हो सके. उन्होंने संबंधित पक्षकारों से अपील भी की है कि लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर अपने-अपने लंबित मामलों का निष्पादन कराने में सहयोग करें. इस विशेष लोक अदालत के जरिए अपने-अपने मामलों का निष्पादन करा लें. जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने पक्षकारों को सुविधा प्रदान करने के लिए इस लोक अदालत में चेक बाउंस और बिजली से संबंधित मामलों के अतिरिक्त अन्य मामलों का निष्पादन भी सुलह के आधार पर होगा.

## रामगढ़ पुलिस ने 18 वर्ष से फरार वारंटी साव को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रामगढ़।** 18 वर्षों से फरार चल रहे वारंटी प्रदीप साव को रामगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रियासत में भेज दिया है. बता दें कि लोकसभा चुनाव के निष्पक्ष आयोजन को लेकर आरोपियों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सतत अभियान चलाया जा रहा है. इस संबंध में पुलिस अधीक्षक बिमल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मांडू थाना क्षेत्र में दर्ज कांड संख्या 175/2006 के अभियुक्त प्रदीप साव 18 वर्षों से फरार चल रहा है. वारंटी प्रदीप साव, पिता स्व. दिनेश्वर साहू वर्तमान में कुजू की एक फैक्ट्री में काम करता है. इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने बेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया. छापेमारी टीम ने कुज्जु स्थित एक फैक्ट्री से प्रदीप साव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है.

### इंडिया गठबंधन की बैठक में लिये गये कई निर्णय, हर वार्ड के बूथ में जीत का संकल्प

# '10 साल में भाजपा ने कोई काम नहीं किया'

**संवाददाता। झुमरीतिलैया**



इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी गतिविधि तेज कर दी है. एकतरफ भाकपा माले उम्मीदवार कॉमरेड विनोद सिंह लगातार विभिन्न विधानसभा में जनसंवाद के जरिये जनता से मिलकर समर्थन मांग रहे है. वहीं इंडिया गठबंधन सांगठनिक मजबूती के साथ चुनावी तैयारी में जुटी हुई है. झुमरीतिलैया नगर परिषद क्षेत्र में इंडिया गठबंधन की मजबूती और हर बूथ तक जनता से सीधे संवाद स्थापित करने को लेकर रणनीति जमीन पर उतारने में जुटी है. इसी मद्देनजर इंडिया गठबंधन की नगर परिषद क्षेत्र में विशुनपुर रोड स्थित राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के आवास पर बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता इंडिया गठबंधन के जिला संयोजक सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने की. जबकि संचालन प्रेम पांडेय ने किया. बैठक में अरुण सिंह, पवन भगत, आनंद चंद्रवंशी,रविन्द्र भारती, राजेन्द्र पासवान, नागेंद्र दास, धीरज यादव, उत्तम दासपाल, छवि विश्वाश, अशोक रजक, मो मुस्ताक, नीरज कुमार, टुकलाल यादव, अमित कुमार, उपेंद्र सिंह, जैकी यादव आदि मौजूद थे.

बैठक में दल राजद, जेएमएम, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, सीपीआई, सीपीएम के अलावे मजदूर संगठन और प्रगतिशील संगठन के नेता शामिल हुए. इंडिया गठबंधन के संयोजक रामधन यादव ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव संविधान बनाम भाजपा के बीच लड़ाई है. उन्होंने कहा कि भाजपा 10 साल से सत्ता में है, लेकिन कोडरमा की जनता की भलाई का कोई काम नहीं हुआ. इंडिया गठबंधन एकता के बल पर शहरी क्षेत्र में भी भाजपा को हर बूथ पर हराएगी. बैठक को कांग्रेस नेता मनोज सहाय पिंकू, मजदूर नेता प्रेम प्रकाश, आप के दामोदर यादव, बसपा नेता प्रकाश अंबेडकर, जेएमएम नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा, माले नेता संदीप, राजद नेता घनश्याम तुरी, दलित एक्टिविस्ट इंद्रदेव राम ने संबोधित किया.

### 16 सदस्यीय कमेटी का गठन

इंडिया गठबंधन का नगर परिषद क्षेत्र झुमरीतिलैया में 16 सदस्यीय कोर कमेटी का गठन किया गया. इनमें प्रेम प्रकाश, घनश्याम तुरी, विजय रजक, प्रेम पांडेय, दीपक विश्वकर्मा, चरणजीत सिंह, मनोज सहाय पिंकू, संतोष यादव, प्रकाश अंबेडकर, मोहन यादव, संदीप कुमार, उदय दृवेदी, इंद्रदेव राम, दामोदर यादव, सुदर्शन विश्वकर्मा, शम्भू पासवान के नाम शामिल हैं.

### राजग प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने गोला प्रखंड में किया जनसंवाद, कहा-

# जनता फिर मोदी सरकार बनाने को तैयार

**संवाददाता। रामगढ़**



हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को गोला प्रखंड क्षेत्र के दौरे के क्रम में विभिन्न जगहों पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लगातार पिछले करीब 55 दिनों से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का गांव- गांव जा रहा हूं. सैकड़ों गांवों में जनसंपर्क और जनसंवाद किया है. हर क्षेत्र में लोगों में एनडीए और भाजपा विशेषकर मोदी सरकार को लेकर एक अलग तरीके का उत्साह देख रहा हूं. मोदी सरकार ने राष्ट्रवाद, विकास, सुरक्षा और सुशासन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर देश और देशवासियों का मान- सम्मान बढ़ाया है. उन्होंने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में एनडीए के पक्ष में है प्रचंड लहर और रुझान है. क्षेत्र की जनता तीसरी बार मोदी सरकार बनाने को तैयार है. कहा कि सबका साथ- सबका विकास की मोदी की गारंटी को स्वीकार करें और तीसरी बार देशहित और जनहित में मोदी सरकार बनाएं.

**मौके पर ये लोग रहे मौजूद :** मौके पर विशेष रूप से रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, जिला परिषद सदस्य जलेश्वर महतो, गोला भाजपा मंडल अध्यक्ष बब्लू साव, आजसू के प्रखंड अध्यक्ष अंगद महतो, भाजपा नेता रणंजय कुमार उर्फ़ कुंटु, रंजन सिंह फौजी, प्रो.संजय सिंह, विजय ओझा, सरदार अनमोल सिंह, वसुध तिवारी, विजय जायसवाल आदि उपस्थित रहे.

### खरीदकर खाया खीरा, कैरम पर आजमाया हाथ

जायसवाल गोला प्रखंड स्थित हेसापोडा पंचायत के ग्राम कोराम्बे बाज़ारटांड़ पहुंचे तो यहां उनकी नज़र बाज़ार में बिक रहे खीरा पर गयी. गर्मी में स्फूर्ति और ऊर्जा बरकरार रखने के लिए उन्होंने यहां से खीरा खरीद कर खाया. इसके बाद यहां एक पेड़ के छांव में कैरम बोर्ड खेल रहे कुछ युवाओं संग उन्होंने हाथ भी आजमाया.

### 11 पंचायतों के 18 गांवों में किया जनसंपर्क

जायसवाल ने शुक्रवार को रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड क्षेत्र की 11 पंचायतों के 18 गांवों में जनसंपर्क और जनसंवाद किया. जायसवाल ने दौरे की शुरुआत रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड स्थित हुप्पु पंचायत स्थित ग्राम तोयर के स्व. दशरथ महतो चौक से किया. यहां उनका स्थानीय भाजपा एवं आजसू के कार्यकर्ताओं ने अभिनंदन किया.

### कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल ने पतरातू प्रखंड क्षेत्र में किया जनसंपर्क, कहा

# संविधान को बचाने के लिए हाथ का साथ दें

**संवाददाता। हजारीबाग**



हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल ने चुनावी जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है. उन्होंने गुरुवार को पतरातू प्रखंड क्षेत्र में 15 से ऊपर पंचायतों का भ्रमण कर सैंकड़ों ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया. उन्होंने इस दौरान कहा कि भाजपा आज पलटी मार चुकी है. भ्रष्टाचार और महंगाई को मुद्दा बना कर सरकार में आई थी, परंतु आज देश में अनेकों मुद्दों ने जन्म ले लिया है.

पटेल ने भाजपा उम्मीदवार पर भी जमकर निशाना साधा. उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि व्यवसाई सिर्फ पूंजी बनाने का काम करते हैं. आज सभी तरह के व्यवसाय में अपना सिक्का जमा रहे हैं. यह देश भी व्यवसायों को बेचा जा रहा है. देश को बचाने की जरूरत है. उन्होंने कांग्रेस सरकार का वक्त याद करते हुए कहा कि किसी जमाने में महंगाई, रोजगार आदि ही मुद्दा हुआ करती थी, परंतु आज मोदी कार्यकाल में संविधान को बचाना भी मुद्दा बन गया है. यह देश बाबा साहेब के संविधान से चलता आया है, मगर केंद्र की भाजपा सरकार संविधान को अपने फायदे अनुसार बदल देना चाहती है. आरक्षण और मौलिक अधिकारों पर आज खतरा मंडरा रहा है. विपक्ष को एजेंसियों का दुरुपयोग कर कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है, देश ने ऐसा दौर कभी नहीं देखा. उन्होंने अन्य मुद्दों पर भी अपनी बात बेबाकी के साथ रख कर कांग्रेस के पक्ष में वोट करने का आह्वान किया. उन्होंने कहा आज लोकतंत्र और संविधान को बचाने का मौका मिला है, इसका उपयोग करिए और बीस मई को हाथ पर बटन दबाइए.

### कार्यकर्ताओं में दिखा जोश

पतरातू प्रखंड क्षेत्र में दौरा करने के दौरान अलग-अलग गावों में जेपी भाई पटेल का फूल मालाओं और ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया. पटेल ने भी गले लग सभी का अभिवादन किया. साथ ही बुजुर्गों के पांव छू आशीर्वाद लिया. जनसंपर्क के दौरान जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, जय प्रकाश सिंह ऊर्फ ननकी, प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल, योगेंद्र सिंह, दीपक उरांव, देवकी महतो, आरीफ अंसारी, संतोष साव, अंजू देवी, बालेसर बेदिया,अमर यादव, मो. सैफुल्लाह, प्रियंका कुमारी, प्रेम दादा प्रिया, विनोद कुमार केसरी, ओमप्रकाश गिरी, गोविंद बेदीया, शाहिद आदि उपस्थित थे.

